आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 26.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. सतर्कता विभाग एवं भ्रष्टाचार निरोधक इकाई की ओर से आज से सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की बैंकिंग व्यवस्था को साइबर आतंकवादियों से सुरक्षित रखने पर बल दिया है।
3. एपीडब्लूडी के स्थापना दिवस पर उपराज्यपाल ने विभाग के कार्यों की प्रशंसा करते हुए परियोजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिए।
4. चक्रवाती तूफान के मद्देनजर द्वीपसमूह के सभी स्कूल छात्रों के लिए आज और कल बंद रहेंगे।

<><><><><><><><>

सतर्कता विभाग एवं भ्रष्टाचार निरोधक इकाई की ओर से आज से पहली नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय 'समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा' है, जिसका उद्देश्य पारदर्शी, जवाबदेह और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन को बढ़ावा देना है। भ्रष्टाचार निरोधक इकाई ने आम जनता से सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार से संबंधित विश्वसनीय जानकारी साझा करने की अपील की है।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की बैंकिंग व्यवस्था को साइबर आतंकवादियों से सुरक्षित रखने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध केवल पारंपरिक तरीकों से ही नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्थाओं को निशाना बनाकर भी लड़े जा रहे हैं। उन्होंने सुरक्षित बैंकिंग व्यवस्था के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे और साइबर सुरक्षा को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने कल शाम भुवनेश्वर में भारतीय रिजर्व बैंक के नए डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये नई सुविधाएं देश की बैंकिंग व्यवस्था को उभरते साइबर खतरों से बचाने में मदद करेंगी।

<><><><><><><><>

राष्ट्रीय एकता और नशीली दवाओं के खिलाफ राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली में भाग ले रही अंडमान निकोबार पुलिस की टुकड़ी सभी राज्यों में 'नशा मुक्त भारत' का संदेश फैला रही है। महाराष्ट्र से गुजरात की ओर यात्रा करते हुए, यह टुकड़ी 'नशीली दवाओं के खिलाफ लड़ाई' विषय के तहत जागरूकता कार्यक्रमों और जनसंपर्क के माध्यम से छात्रों, पुलिस प्रशिक्षुओं, एनसीसी कैडेटों और स्थानीय निवासियों को जोड़ रही है। इस टुकड़ी में 12 पुलिस कर्मी शामिल हैं। अपनी यात्रा के दौरान, टुकड़ी ने महाराष्ट्र के दौंड में पुलिस स्मारक पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और नशा मुक्त समाज को बढ़ावा देने के लिए शहर में परेड अभियान चलाया। पुणे में, टीम ने पुलिस प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत भी की। यह रैली 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के हिस्से के रूप में परेड प्रदर्शन के साथ एकता नगर, गुजरात में समाप्त होगी।

<><><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से आयोजित दो दिवसीय तीसरा द्वीप नारियल महोत्सव का कल समापन हो गया। महोत्सव के दौरान हस्तशिल्प प्रदर्शनियों और नारियल आधारित व्यंजनों के माध्यम से नारियल आधारित पर्यटन, मूल्य संवर्धन और सतत आजीविका की संभावनाओं को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर छात्रों, कारीगरों, स्थानीय उद्यमियों और संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों ने अपने कौशल, उत्पादों और नवीन विचारों का प्रदर्शन किया।

<><><><><><><><>

समग्र शिक्षा, मायाबंदर ने जिला परिषद के सहयोग से हाल ही में 'स्कूल सुरक्षा और संरक्षा' पर एक दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के स्रोत अधिकारियों ने निवारक उपायों, आपातकालीन तैयारी, बाल संरक्षण और सुरक्षा से संबंधित चुनौतियों पर प्रभावी प्रतिक्रिया के संबंध में जानकारी साझा की। कार्यक्रम में मायाबंदर शैक्षिक अंचल क्षेत्र के अंतर्गत एक सुरक्षित, संरक्षित और बाल–अनुकूल शिक्षण माहौल बनाने में शिक्षकों और स्कूल अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों से कुल 58 शिक्षकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने अंडमान लोक निर्माण विभाग के 69वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए सभी अधिकारियों, अभियंताओं एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। उपराज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष का विषय 'जल बचाओ, जीवन बचाओ' यह संदेश देता है कि विकास का उद्देश्य केवल बुनियादी ढांचे का निर्माण करना नहीं है, बल्कि नागरिकों के जीवन को सुरक्षित, सुगम और बेहतर बनाना भी है। उन्होंने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद सड़क कनेक्टिविटी में सुधार, जल स्रोतों के विकास, जलापूर्ति क्षमता बढ़ाने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में विभाग द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की प्रशंसा करते हुए विभिन्न विकासीय परियोजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिए। कार्यक्रम में सांसद बिष्णु पद रे, आयुक्त–सह–सचिव डॉ. सचिन शिंदे, दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, मुख्य अभियंता तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आपदा प्रबंधन निदेशालय ने पूर्व–मध्य और उससे सटे दक्षिण–पूर्वी बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात को ध्यान में रखते हुए आम जनता को सतर्क रहने की सलाह दी है। चक्रवात के आंध्र प्रदेश तट की ओर बढ़ते हुए, आज तूफान में बदलने की संभावना जताई गई है। ये स्थिति अगले दो दिनों तक भी बनी रहेगी। विभाग ने मछुआरों को आज समुद्र में न जाने की सलाह दी है। आम जनता को भी मौसम की स्थिति को देखते हुए पर्यटन, मनोरंजक तथा समुद्री गतिविधियों से बचने को कहा गया है।

चक्रवाती तूफान के मद्देनजर द्वीपसमूह के छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए सभी स्कूल आज और कल बंद रहेंगे। यह आदेश द्वीपसमूह में संचालित सभी स्कूलों पर लागू होगा। स्कूलों की यह बंदी केवल छात्रों पर लागू होगी और इसे स्कूल के शिक्षकों या कर्मचारियों के लिए अवकाश नहीं माना जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिएशन की ओर से कल 'अंडमान निकोबार महिला राज्य शतरंज चैंपियनशिप–सह–राष्ट्रीय चयन ट्रायल' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्या मंजुलता राव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने शतरंज के बोर्ड पर पहली औपचारिक चाल चलकर इस चैंपियनशिप का उद्घाटन किया। इस टूर्नामेंट में द्वीपसमूह की विभिन्न आयु वर्गों की महिलाओं और बालिकाओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के बीच समावेशिता, आत्मविश्वास और खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए खंड विकास कार्यालय, कैंपबेल बे में समावेशी खेलकूद प्रतियोगिता 2026–27 का आयोजन किया गया। ग्रेट एवं लिटिल निकोबार ट्राइबल काउंसिल के अध्यक्ष बरनबास मंजू ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कैम्पबेल बे ग्राम पंचायत की प्रधान रामेश्वरी और गोविंद नगर, के प्रधान जी. वेंकट राव भी उपस्थित थे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान सांकेतिक भाषा में राष्ट्रगान भी प्रस्तुत किया गया।

<><><><><><><>

आईएनए स्मृति समिति, की ओर से आयोजित आजाद हिंद सरकार सप्ताह समारोह' का कल समापन हो गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नेताजी सुभाष चंद्र बोस के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति, त्याग एवं बलिदान को स्मरण करना तथा नई पीढ़ी को भारत के स्वतंत्रता संग्राम और अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के ऐतिहासिक महत्व से परिचित कराना था। दिल्ली, गुजरात एवं मध्य प्रदेश से आए प्रतिनिधियों, आईएनए परिवारों के सदस्यों, स्थानीय नागरिकों तथा युवा पीढ़ी की सहभागिता से श्री विजयपुरम से कैंपबेल बे तक एक ऐतिहासिक विरासत यात्रा' आयोजित की गई। यात्रा के दौरान जहाज पर आईएनए स्मृति समिति की ओर से विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में इस ऐतिहासिक धरती पर स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले वीर सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

<><><><><><><>